सार-समाचार

दिव्यांगजनों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

सूरतगढ़, (कासं)। जिला विकलांग संघ सूरतगढ़ शाखा की ओर से दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन सौंपा गया।3 सूत्रीय मांगों के संबंध में एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि मौजूदा समय में समाज कल्याण विभाग का कार्यालय रेलवे लाइन के पार सूर्योदय नगरी क्षेत्र में स्थित पंचायत समिति परिसर में संचालित हो रहा है। जहां पर आने जाने में दिव्यांगजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि वर्तमान में शहर में रेलवे क्रॉसिंग भी नहीं है। ऐसे में उन्हें या तो ओवरब्रिज होकर वहां पर पहुंचना पड़ता है या फिर अंडर पास से होकर निकलना पड़ता है। परंतु दोनों ही सूरत में उन्हें ऊंचाई और ढलान जैसी स्थिति से निपटना पड़ता है। इसलिए विभागीय कार्यालय को बस स्टैंड के समीप राजकीय पशु चिकित्सालय विभाग की खाली पड़ी बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाए। ताकि ग्रामीण और शहरी दिव्यांगजनों को लाभ मिल सके। क्योंकि मौजूदा कार्यालय बस स्टैंड से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।ज्ञापन में दिव्यांगजनों के लिए की गई पेंशन योजना की घोषणा को भी लागू करवाया जाए, ताकि आर्थिक राहत मिल सके और तीसरी मांग के रूप में नगर पालिका द्वारा संचालित ई-रिक्शा का रूट बढ़ाते हुए उसे बाबा रामदेव मंदिर तक करने और रेलवे स्टेशन से लेकर रिलायंस पेट्रोल पंप तक बढ़ाए जाने की मांग की गई।इस मौके पर पार्षद विक्रम वाल्मीकि, शाखा अध्यक्ष बाबूलाल माली, चंद्र प्रकाश, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश टाक, सुलोचना देवी, कोषाध्यक्ष आत्माराम और मीना देवी आदि मौजूद रहे।

नवजिला कार्यकारिणी का गठन

बीकानेर, (कासं)। डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) की जिला कार्यकारिणी के नवगठन हेतु रेल्वे एससी-एसटी यूनियन कार्यालय बीकानेर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव राजकुमार पन्नु, संभाग अध्यक्ष सोहन गोयल, राजपाल अहलावत आदि की मौजूदगी में सर्वसम्मति से हुए मनोनयन से पीबीएम केंसर स्पेशलिस्ट डॉ सीताराम महरिया को जिला अध्यक्ष, सार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर प्रधानाचार्य मोहनलाल जीनगर को जिला महासचिव, दीपक बाछल को उपाध्यक्ष, एएओ विद्युत विभाग नवीन पंवार को कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता के लिए पीबीएम के सतीश कुमार नायक और लीगल एडवाइजर के लिए आनंदकुमार हटिला को चुना गया। कार्यक्रम में जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी नवरंग मेघवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अजाक की रुप रेखा और संगठन के महत्व पर विचार रखें। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. कालूराम परिहार ने पिछले 3 वर्षों के संगठन के कायो को विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में अजाक कार्यकारिणी के पूर्व पदाधिकारी और सदस्यों मोहनलाल बुनकर, दीनदयाल जनागल, अनिल कुमार, रतन जिनगर, सुरेश, अनिल कुमार, रतनलाल पंवार, गौरीशंकर भाटिया, भवानी बामनिया, अशोक पंडित आदि ने भाग लिया।

ग्रामीण स्तर पर किया दलों का गठन

श्रीगंगानगर, (कासं)। अक्षय तृतीया एवं पीपल पूर्णिमा तथा अन्य अवसरों पर समाज में प्रचलित बाल विवाह की कुरीति की रोकथाम के लिये ग्रामीण स्तर पर कार्मिकों के दल का गठन किया गया है। जिला कलक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम के लिये ग्रामीण स्तर पर संबंधित क्षेत्र के विद्यालय के प्रधानाध्यापक, संबंधित भू-अभिलेख निरीक्षक, पटवारी, ग्राम सचिव, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा संबंधित सीआरसीएफ को दल में शामिल किया गया है। ये कार्मिक अपने-अपने क्षेत्र में भम्रण करते रहेंगे तथा यह ध्यान रखेंगे कि कोई बाल विवाह सम्पन्न न होने पाये। यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी नाबालिक बच्चों का विवाह न हो। विवाह से पूर्व प्रस्तावित विवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देउन्होंने बताया कि एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ व संबंधित थानाधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र के लिये पूर्णतया जिम्मेदार रहेंगे, उनके क्षेत्राधिकार में कोई बाल विवाह सम्पन्न नहीं होना चाहिए। यदि किसी क्षेत्र में बाल विवाह की घटना दृष्टिगोचर हो तो दल के कार्मिक उस क्षेत्रा के एसडीएम, तहसीलदार व बीडीओ को जानकारी देंगे। उपखण्ड स्तर पर अक्षय तृतीया के दिवस के दो दिन पूर्व से ही नियंत्राण कक्ष स्थापित किया जाये। जिला कलक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम के लिये जिले की सभी ग्राम पंचायतों के अनुसार 52 अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया है। इन अधिकारियों को ग्राम पंचायते आवंटित की गई है।

मतदाता दिवस पर युवाओं को मतदान के लिए किया जागरूक

श्रीगंगानगर, (कासं)। नेहरू युवा केंद्र श्रीगंगानगर, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं को मतदान हेतु जागरूक, शपथ दिलाकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में वक्ता के रूप में विक्रम ज्याणी (नशा मुक्ति युवा जागृति जिला कोर्डिनेटर) रहे, जिनके द्वारा युवाओं को वर्तमान समय में नशे के बढ़ते हुए दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जागरूक किया एवं नशे से होने वाले अपराधों के बारे में चर्चा करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार ने कन्या भ्रूण हत्या के बारे में चर्चा करते हुए उसे रोकने हेतु आमजन को जागरूक करने हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होने महिलाओ से जुडी योजनाओ के बारे में बताते हुए समाज में महिलाओ की भागीदारी के बारे में चर्चा की गयी। कार्यक्रम के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी सुरेंद्र विश्नोई ने युवाओं को खेलो से जुड़ने, उनमे रोजगार के अवसर आदि के बारे में युवाओं को जागरूक किया। इसके पश्चात भीमराज ने नेहरू युवा केन्द्र से जुड़कर समाजसेवा हेतु युवाओं के द्वारा किये जाने वाले कायो के बारे में चर्चा की गयी।कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गयी एवं कार्यक्रम में आये हुए प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिता से विजेताओं को एवं नेहरू युवा केन्द्र, श्रीगंगानगर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा मंडलो को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

गंगानगर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सहायक निदेशक विजयकुमार ने मतदान की शपथ दिलाई।

विद्यार्थियों को स्वेटर व शिक्षण सहायक सामग्री वितरित की

बीकानेर,(कासं)। कर्तव्य पथ पर रहते हुए अनुशासन को सर्वोपरि मानते हुए छात्रो को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ताकि समाज व राष्ट्र के प्रति उनकी सोच का उपयोग हो सके। यह बात भारत विकास परिषद मीरा शाखा राजस्थान की प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्रीमती शषि चुघ ने बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवनपुरी दक्षिण विस्तार, बीकानेर में राष्ट्रीय बालिका दिवस तथा बसन्त पंचमी के आयोजित विद्याथिर्यो के स्वेटर व शिक्षण सहायक सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए कही।

श्रीमती चुघ ने कहा कि विद्याथिर्यो के साथ साथ विद्यालय की भी पहचान बनने तथा विद्यालय बच्चो में एक समान भाव रहने की प्रेरणा का भाव जागत करता है। उन्होने षिक्षको से विद्यालयों में अपनी भूमिका का सक्रियता से निर्वहन करने का आव्हान किया। भारत विकास परिषद मीरा शाखा ,बीकानेर की अध्यक्षा श्रीमती ऋतु मितल ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच से किया गया कोई भी परिश्रम अथवा कार्य जीवन को आगे बढाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए सभी विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहें। उन्होने विद्यालय गणवेष में ही विद्यालय आने का आव्हान बालकों को किया। विषिष्ठ अतिथि भारत विकास परिषद मीरा षाखा,बीकानेर की सचिव श्रीमती छवि गुप्ता ने कहा कि छात्र व षिक्षक अपनी क्षमताओ को विकसित कर नैतिकता को बनाये रखते हुए अध्ययन व अध्यापन का कार्य करे तो निष्चित ही समाज उत्थान की और अग्रसर होगा।

भारत विकास परिषद मीरा शाखा की ओर से स्कूली विद्यार्थियों को स्वेटर व शिक्षण सहायक सामग्री का वितरण किया।

रंगा एवं विशारद को अमृत सम्मान

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ दुलाराम सहारण की अध्यक्षता में अमृत सम्मान समिति द्वारा चयन किए गए बीकानेर के दो वरिष्ठ साहित्यकार जिनमें लक्ष्मीनारायण रंगा एवं सरल विशारद को 31000/- रू राशि का अमृत सम्मान अर्पित किया जाएगा। उक्त सम्मान 75 वर्ष से अधिक उम्र के साहित्यकार को प्रदत किया जाता है।नगर के वरिष्ठतम साहित्यकार एवं नाटककार लक्ष्मी नारायण रंगा एवं वरिष्ठ कवि सरल विशारद के उक्त सम्मान की घोषणा के उपरांत नगर, एवं प्रदेश एवं देश के कई स्थानों से उन्हें बधाई मिल रही है। नगर के साहित्यिक-सांस्कृतिक जगत ने युवा शायर कासिम बीकानेरी ने इस बाबत बताया कि अमृत सम्मान से सम्मानित होने वाले लक्ष्मीनारायण रंगा पूर्व में केन्द्रीय साहित्य अकादेमी नई दिल्ली, राजस्थानी भाषा साहित्य अकादमी, बीकानेर, संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर एवं राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर सहित चारों अकादमियों से सम्मानित होने वाले बीकानेर के पहले साहित्यकार-नाटककार है।

सार-समाचार

बिश्नोई बने दूसरी बार अध्यक्ष

श्रीगंगानगर, (कासं)। बार एसोसिएशन के हुए चुनाव में एडवोकेट सीताराम बिश्नोई लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बिश्नोई ने 465 मतों के अंतर से दो बार अध्यक्ष रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले एडवोकेट विजय रेवाड़ को हराया। बहुकोणीय मुकाबले में एडवोकेट कुलदीप कुमार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को बार एसोसिएशन कार्यालय में हुए मतदान में 1450 में से 1226 वकीलों ने मतदान किया।सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। शाम 7 बजे चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन सिद्ध के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए हुई मतगणना में 1226 मतों में 8 मत रद्द हो गए। बाकी मतों में विजयी रहे सीताराम बिश्नोई को 764, विजयकुमार रेवाड़ को 299 और तीसरे उम्मीदवार विजय कुमार चावला को 155 मत मिले। सीताराम बिश्नोई ने 465 मतों के बड़े अंतर से विजय रेवाड़ को हराया। उपाध्यक्ष पद के लिए हुई मतगणना में 1266 मतों में से 6 मत रद्द हो गए। विजयी रहे कुलदीप कुमार को 333 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे निकटतम प्रतिद्वंद्वी नरेश काठपाल को 297 मत मिले। तीन उम्मीदवारों-अमित स्वामी को 228, आशीष व्यास को 184 और रणजीत सारड़ीवाल को 178 मत मिले।एसोसिएशन कार्यालय में बनाए तीन बूथों पर मतदान हुआ। मतदान के दौरान कचहरी परिसर में गहमागहमी रही। सुबह से शाम चुनाव परिणाम घोषित होने तक वकीलों की भीड़ बार हाल के सामने स्थित पार्क में जमा रही। ज्योंही वकील मतदान करने आते तो वहां मौजूद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के समर्थक वोट देने का आग्रह करते। वकीलों ने चुनाव के चलते वर्क सस्पेंड कर रखा था। लेकिन मतदान की वजह से वकील दिनभर कचहरी परिसर में रहे।विजय रेवाड़ वर्ष 2019 और 2020 में अध्यक्ष रहे। दोनों चुनाव जीते। वर्ष 2020 में बार के इतिहास में लगातार दो बार अध्यक्ष निर्वाचित होने का रिकॉर्ड विजय रेवाड़ के नाम बना था।

चोरी के आरोप में युवक पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। जामसर थाना एरिया में लगे सोलर प्लांट्स से चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। ये युवक बीकानेर के ऊन-सब्जी मंडी के पास रहता है, जिससे सोलर प्लेट्स के साथ एक गाड़ी भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार बीस जनवरी को अकरम खान ने ने पुलिस थाना जामससर में मामला दर्ज कराया था कि अंजूर सोलर प्लांट से 19 जनवरी की रात ब्लॉक नंबर 25, 39 व 52 से सोलर प्लेट्स चोरी कर ली गई है। मामले की छानबीन हेड कांस्टेबल आनन्द सिंह को सौंपी गई थी। छानबीन करने पर इस मामले में बीकानेर में ऊन-सब्जी मंडी के पास रहने वाले बिशनाराम गोदारा की भूमिका संदिग्ध पाई गई। उसके घर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की तो वहां से चोरी हुई चार सोलर प्लेट्स व चोरी में काम ली गई केंपर गाड़ी मिली। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेजने के आदेश हुए। बीकानेर में सोलर प्लांट्स बड़ी संख्या में लग रहे हैं, ऐसे में यहां से प्लेट्स चोरी करने के मामले भी बढ़े हैं। खासकर कोलायत व खाजूवाला एरिया में सोलर प्लेट्स चोरी हो रही है और यहीं से चोर बाजार में ये प्लेट्स बेची जा रही है। सस्ती दर पर प्लेट्स खरीदने के चक्कर में लोग चोरी का सामान घर ले आते हैं। ऐसे लोगों पर भी पुलिस कार्रवाई की तैयारी में है।

नवमतदाता संपर्क अभियान शुरू

अनूपगढ, (कासं)। विधानसभा की रावला मंडी में आज भाजपा युवा नेता नंदलाल बावरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नव मतदाता संपर्क अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर भाजपा नेता नंदलाल बावरी ने बताया कि इस अभियान के तहत जो मतदाता नए बने हैं। उनसे संपर्क किया जा रहा है और उन्हें मताधिकार के बारे में बताया जा रहा है।भाजपा नेता नंदलाल बावरी ने बताया कि सभी नव मतदाताओं से अपील की जा रही है कि वे सभी चुनावों में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें ताकि देश मजबूत बन सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति मतदान करता है तो वे राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। संपर्क अभियान के दौरान मतदाताओं को मतदान की गोपनीयता सहित निष्पक्षता से मतदान करने की भी शपथ दिलवाई गई। इस दौरान भाजपा नेता नन्द लाल बावरी, भाजपा नेता गुरमीत खोसा, निशान सिंह, विजयपाल कड़वासरा, एडवोकेट महीराम सुथार , जयपाल जलंधरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गायों को गुड़ व चारा खिलाया

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ के जन्मदिवस पर बीकानेर शहर कांग्रेसजनो द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए।आरिफ के जन्मदिवस पर सबसे पहले पीबीएम अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी के पास स्थित इंदिरा रसोई में लोगो को खाना खिलाया गया उसके बाद सभी कांग्रेस जन तुलसी सर्किल आए जहा आवारा गोवंश और गौमाता को गुड़ और हरा चारा दिया गया। कार्यक्रम में शहर जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा की आरिफ के जन्मदिवस पर राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित इंदिरा रसोई में आने वाले सभी व्यक्तियों को निशुल्क खाना खिलाना एक नई पहल है और इस तरह से हर किसी को ऐसे आयोजन करने चाहिए में आरिफ के सुखद और दीर्घायु भविष्य की मंगलकामना करता हुप्रदेश सचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने सभी शुभचिंतकों का कार्यक्रम आयोजित करने पर आभार ज्ञापित किया प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया की कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, उपाध्यक्ष दिलीप बांठिया,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.पी.के. सरीन, पार्षद जावेद पडिहार,पार्षद मनोज किराड़ू,पार्षद शांतिलाल मोदी, ताहिर खान, सोनू चावरिया, रामजी स्वामी, अब्दुल सलाम सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे

वूलन एक्सपो के लिए आवेदन आमंत्रित

बीकानेर (कासं)। जिले में केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा 3 से 12 फरवरी तक वूलन एक्सपो 2023 का आयोजन होगा। यह मेला जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में आयोजित किया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नेण गोदारा ने बताया किमेले में देश के विभिन्न प्रांतों के ऊन उत्पाद से संबंधित बुनकरों, दस्तकारों, लघु उद्यमियों, पंजीकृत सोसाइटी के प्रतिष्ठानों द्वारा विपणन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सपो में भाग लेने के लिए आर्टिजन,दस्तकार, लघु उद्यमी, पंजीकृत सोसाइटी को चोपड़ा कटला स्थित विभाग के कार्यालय में कार्यालय समय में आवेदन पत्र जमा करवाने होंगे। मेले में स्टॉल का आवंटन नि:शुल्क रहेगा।

जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया

बीकानेर, (कासं)। डंडी गांव से आए बालक बालिकाओं को स्कूल में अध्यापकों की व्यवस्था कर समस्या का हल किया अनशन पर बैठे 11 जनों को राजकुमार शर्मा व सुनील कुमार बोड़ा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नै जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया तीन वरिष्ठ अध्यापकों को अन्य ब्लॉक से दंडी लगा दिया गया तथा एक वरिष्ठ अध्यापक का स्थानांतरण कैंसिल कर दियाबोड़ा ने बताया बताया एल वन तथा एल टू अध्यापक संबंधित प्रिंसिपल अपने पी ई ई ओ क्षेत्र से अन्य स्कूल को बाधित नहीं करते हुए लगा सकता है जल्दी ही डीपीसी होनी है समाधान हो जाएगा

शिक्षा मंत्री डा. कल्ला करेंगे ध्वजारोहण

बीकानेर, (कासं)। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह गुरूवार को प्रात: 9 बजे से डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डा .बी डी कल्ला होंगे। शिक्षा मंत्री ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की झांकियां, भारतीयम, शारीरिक व्यायाम, लोकनृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन जिले का हर मतदाता लोकतांत्रिक व्यवस्था के निर्धारण में संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लें। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार को रवीन्द्र रंगमंच पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में डॉ पवन ने यह बात कही।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को मतदान का समान अधिकार दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो इसके लिए अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल करना है। तकनीक के माध्यम से मतदाता सूची को और पारदर्शी बनाने और मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का काम किया जा रहा है। हर मतदान पहचान पत्र को आधार कार्ड लिंक किया जा रहा है ताकि दोहरीकरण रूके। एक भी मतदाता ना छूटे के लक्ष्य के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बेटियों के नाम मतदाता सूची से जुड़वाने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को और सहभागी बनाने के लिए महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने दिव्यांग मतदाता, बेटियों और ट्रांसजेंडर मतदाताओं को जोड़ने के लिए निर्वाचन कार्मिकों को भी प्रोएक्टिव होकर काम करने की अपील की। सीईओ जिला परिषद व स्वीप प्रभारी नित्या के ने स्वीप के तहत आयोजित की जा गई विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूची में पात्रता रखने वाले नये मतदाताओं और महिलाओं को जोड़ने के लिए निरन्तर शिविर व प्रचार प्रसार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसका परिणाम जिले की मतदाता सूची में नए नाम जुड़ने के रूप में स्पष्ट नजर आ रहा है। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश ने स्वागत उद्बोधन देते हुए 13वें मतदाता दिवस की बधाई दी और कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने से जुड़ी जागरूकता गतिविधियों में भी निर्वाचन कार्मिकों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने मतदाता सूची को अधिकतम सहभागी बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

मतदाता सूचियों के आधार लिकेंज में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ, एस.एस.आर. के सर्वश्रेष्ठ बीएलओ, सुपरवाइजर, स्वीप कार्मिक, प्रशिक्षक संस्थाओं के अतिरिक्त दिव्यांग तथा वरिष्ठ एवं नव मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खाजूवाला उपखंड अधिकारी व निर्वाचक पंजीयन अधिकारी शयोराम को भी उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एल डी पंवार, ईएलसी प्रभारी कॉलेज शिक्षा मैना निर्वाण, प्रबोधक एस एल राठी, वाई बी माथुर, गौरव बिस्सा सहित सुधीर मिश्रा, भवानी सिंह,एस एन हर्ष, पवन खत्री, माया सुथार, सूचना एवं जनसम्पर्क के कार्यालय के प्रियांशु आचार्य व अन्य कार्मिकों का सम्मान किया गया।इस अवसर पर वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत चार एमओयू किए गये। बीकाजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, नेवली लिग्नाइट व नगर निगम के साथ मतदाता जागरूकता के लिए ये एम ओ यू किये गये।

भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने पर मिलेंगे 51 हजार रुपए

श्रीगंगानगर, ()। कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में बुधवार को आयोजित जिलास्तरीय जागरूकता समारोह में घोषणा की गई कि अब आठ मार्च से पूर्व मुखबिर योजना के तहत सूचना देने वालों को योजना के तहत निर्धारित राशि तीन लाख रुपए के अतिरिक्त 51000 रुपए दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. करण आर्य, पीसीपीएनडीटी प्रभारी रणदीप सिंह, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, आशा प्रभारी रायसिंह सहारण व आशा संघ की जिलाध्यक्ष सीता स्वामी मौजूद रहे और जिले के सभी खण्ड से आई आशाओं व प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पीसीएनडीटी एवं आईईसी अनुभाग की ओर से जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीगंगानगर खण्ड की आशा कमलेश, बिमला देवी, अंजनादेवी, प्रेमलता व टीना करवा, सादुलशहर खण्ड की स्नेहलता, बसंतीदेवी, पुष्पादेवी, शकीला देवी व सुमन छिम्पा, श्रीकरणपुर खण्ड की किरण बाला, कमलेश, परमेश्वरी, प्रदीप व राधा बाई, रायसिंहनगर की शंकुतलादेवी, कश्मीर कौर, कमलादेवी, सोमादेवी व रामदेवी, अनूपगढ़ खण्ड की इंद्रा देवी, बलजीतकौर, हरविंद्र कौर, पालजीत कौर व तारावंती, घड़साना खण्ड की कृष्णादेवी, कुलदीप कौर, चंद्रकला, बनारसीदेवी व जसविंद्र कौर, पदमपुर खण्ड की कमलेश रानी, कैलाश रानी, राममूर्ती, पूनम रानी व स्नेहलता व सूरतगढ़ खण्ड की सरोज, कमलेश, प्रीति शर्मा, किरण व दर्शना सहित शहरी क्षेत्र की सरोज रानी, विमलादेवी, अनीता, संतोष सोनी व गीता सोनी को पुरस्कृत किया गया।

17 साल बाद भी स्ट्रीट लाइटें की व्यवस्था नहीं

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के वार्ड 10 के लोग बीते कई वर्षो से मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। कुंज विहार विस्तार कॉलोनी में रह रहे लोगों का कहना है कि करीब 17 साल से इस कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहे हैं। लेकिन आज तक कॉलोनी में सड़क, नाली, पार्क, स्ट्रीट लाइट आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। पार्षद राधेश्याम माटा का कुंज विहार विस्तार कॉलोनी सन 2005 में यूआईटी की ओर से ही काटी गई थी।

ऐसे में यूआईटी की ही जिम्मेदारी बनती है कि कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बड़ी बात यह है कि सरकारी कॉलोनी की वजह से लोगों ने बढ़कर भूखंड खरीदने में रुचि दिखाई। मकान भी बना लिए, लेकिन इस बात का किसी को अंदाजा नहीं था कि यूआईटी की कॉलोनी में यूआईटी ही ध्यान नहीं देगी।इस कॉलोनी में किसी भी ब्लॉक में नाली नहीं है। लोगों के घरों का पानी खाली प्लाटों में जा रहा है और वह खाली प्लांट दलदल बन चुके हैं और आने-जाने वालों को बदबू का सामना करना पड़ता है।

बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया

बीकानेर, (कासं)। बसंत पंचमी के अवसर परआज सरस्वती विद्या मंदिर में वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस पर्व के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक डॉ सुषमा बिस्सा ने इस त्यौहार का महत्व बताते हुए बताया कि पुराणों के अनुसार सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा के मुख से विद्या की देवी सरस्वती का प्राकट्य हुआ था पुराणों की मान्यताओं के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था कि बसंत पंचमी के दिन तुम्हारी आराधना की जाएगी सरस्वती विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी हैं इस दिन ज्ञान विद्या वाणी संगीत और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का जन्म होने के उपलक्ष में माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को इसे मनाया जाता है किसानों के लिए भी यह त्यौहार बहुत महत्व रखता है । इस त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन होने लगता है बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है । विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह की प्रस्तुतियां देते हुए सरस्वती मां को पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर मां सरस्वती को प्रसाद लगाकर बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सहयोग करने में श्रीमती गायत्री आचार्य तैयब्बा ने विशेष सहयोग दिया समीरा ,आसमा ने सुंदर प्रस्तुतियां दी अंत में सभी को पीले गुब्बारे वितरण किए गए।एमजीएसयू इतिहास विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर आज विभाग में सरस्वती पूजा का आयोजन किया। इसके तहत मां सरस्वती को माल्यार्पण कर उन्हें कुमकुम लगाया गया और दीप प्रज्वलन कर सरस्वती के समक्ष पूजा अर्चना कर ज्ञान के प्रकाश की कामना की गई। इतिहास विभाग की सह प्रभारी डॉ मेघना शर्मा ने बताया की ज्ञान और विवेक की देवी सरस्वती की उत्पत्ति का वृहद इतिहास है, पौराणिक मान्यता है कि श्री कृष्ण और ब्रह्मा ने सर्वप्रथम सरस्वती की पूजा आरंभ की और श्रीकृष्ण के वरदान से ही बसंत पंचमी पर सरस्वती की आराधना शुरू हुई। आयोजन में विभाग के अतिथि शिक्षकों में डॉ रितेश व्यास, डॉ मुकेश हर्ष, सुधीर छींपा, सुनीता स्वामी, किरण व विभाग की वरिष्ठ लिपिक सोनम मीणा के अलावा विद्यार्थियों में राधिका पारीक, हिमांशु गहलोत, राकेश गोदारा, सुरेश सुथार, दिनेश, स्वरूप, जसराज, मुकेश मेघवाल, मुकेश कुमावत, दीपक स्वामी, जय, संजना, विष्णुदास, विकास आदि शामिल रहे। मीडिया प्रभारी डॉ मेघना शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में ज्ञान की अभिवृद्धि व संस्कारों में समृद्धि लाते हैं।

वसंतोत्सव पर मां सरस्वती का पूजन कर धूमधाम से मनाया।

87 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

अनूपगढ़, (कासं)। इस बार भी अनूपगढ़ के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए प्रशासन के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों में जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उपखंड क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया के द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर दी गई है तथा इसकी सूचना संबंधित विद्यालयों में भिजवा दी गई है।

उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपखंड क्षेत्र के कुल 87 विद्